Title: Regarding establishment of PM Shri Schools in Pali Parliamentary Constituency

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): आज हमारे देश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की निराशाजनक गुणवत्ता से सभी अवगत हैं । यहाँ तक की देश के अधिकांश निजी स्कूल भी कमोबेश सत्तर के दशक में तैयार शिक्षा के पैटर्न का ही पालन कर रहे है । इस विषय पर मैं शिक्षा क्षेत्र के सुधार के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार के प्रयासों को सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं । दूरदर्शी राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने पर ही न रुकते हुए, मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों की स्थापना के लिए एक योजना शुरू की है जो अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं, शिक्षण रणनीतियों और तकनीकी प्रगति के माध्यम से बाकी क्षेत्रों के लिए एक उदाहरण के रूप में काम करेगी । 27,360 करोड़ रूपये की लागत से ? पीएम श्री स्कूल? नाम से देशव्यापी केंद्र प्रायोजित स्कूलों का शुभारंभ करके और अगले 5 वर्षों में 14500 से अधिक स्कूलों को कवर करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने विलक्षण नेतृत्व का एक और उदाहरण पेश किया है ।

मुझे आशा है कि हमारी आने वाली पीढ़ी के साथ-साथ देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए, सभी सदस्य इस योजना से संबंधित सभी मामलों में केंद्र सरकार के साथ पीएम श्री स्कूलों की स्थापना को प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान करेंगे ।

मेरा माननीय शिक्षा मंत्री से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र पाली की प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक-एक ?पीएम श्री स्कूल? का चयन करने की कृपा करें ।